**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र और लीगल लिटरेसी सेल द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। यह दिवस भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष में हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, इसका उद्देश्य संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अथक प्रयासों को देशभर में प्रसारित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग के द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए संविधान की महत्ता के विषय में बताया कि प्रत्येक देश का संविधान उस देश की शासन व्यवस्था का एक दर्पण होता है। किसी भी देश के संविधान से ही उसकी शासन, व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था से संबंधित समस्त पहलुओं का ज्ञान हो जाता है। राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ किरण मदान ने संविधान की प्रस्तावना पड़ी तथा विद्यार्थियों को संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलवाई एवं बच्चों को देश के विकास के लिए आपसी सहयोग धार्मिक सहिष्णुता व भाईचारा की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ पूनम मदान ने बताया कि दुनिया के सभी संविधान को परखने के बाद भारत का संविधान बनाया गया है। यह विश्व का सबसे बड़ा संविधान माना जाता है जिसमें 395 अनुच्छेद 22 भाग और 12 अनुसूचियां है। पर प्रो पी.के नरूला, प्रो रंजना शर्मा, डॉ शशि प्रभा , डॉ किरण मदान, डॉ रामेश्वर दास, डॉ सुनीत शर्मा, डॉ पूनम मदान, डॉ निधान सिंह, प्रो पवन, प्रो अजय पाल सिंह, प्रो राजेश, डॉ विनय वधवा, प्रो अंजलि गुप्ता , प्रो विनय भारती , प्रो निशा ,प्रो मानित ,प्रो सोनल, प्रो वंदना रूहल,प्रो सुखजिंदर सिंह, प्रो सोनिया, प्रो साक्षी, प्रो वनिता, प्रो आकांक्षा, प्रो मनीष गुप्ता, लिपिक ममता नारंग एवं तकनीशियन अमित कुमार उपस्थित रहे।




**ANNEXURE 06 SR NO 12**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# आइबी कालेज में एनसीसी दिवस मनाया

**पानीपत :** स्थानीय आइबी कालेज में एनसीसी दिवस मनाया गया। प्राचार्य डा.अजय गर्ग ने कहा कि एनसीसी विंग अनुशासन तथा एकता के प्रतीक की इकाईहै। एकजुटता में रहकर कार्य करने के प्रति प्रेरित करती है। विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रदूषण नियंत्रित रैली, मतदान जागरूक रैली, पौधारोपण, ट्रैफिक नियमों के पालन आदि विभिन्न कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए गए हैं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने बताया कि एनसीसी की इकाई द्वारा सामाजिक कार्यक्रम के साथ रक्तदान शिविर भी लगाए जाते हैं। इस अवसर पर डा.जोगेश, प्रो.सुरेंद्र, प्रो.अश्विनी मौजूद रहे। (जासं)

**ANNEXURE 06 SR NO 13**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

## सीडीएस जनरल बिपिन रावत को श्रद्धांजलि



**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में संस्कार शाला क्लब, एनसीसी और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सीडीएस जनरल बिपिन रावत एवं अन्य के आकस्मिक निधन पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग एवं स्टाफ सदस्यों ने पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग और एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने कहा कि यह घटना राष्ट्र के लिए गहरा आघात है। श्रद्धांजलि देने वालों में संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता, एनएसएस प्रभारी डॉ. जोगेश, प्रो. अंजलि गुप्ता, प्रो. विनय भारती, प्रो. मानित कौर, प्रो. सुखजिंदर सिंह, प्रो. सोनिया, मुनीष गुप्ता, लिपिक ममता नारंग एवं तकनीशियन अमित कुमार एवं एनसीसी के कैडेट्स शामिल रहे। संवाद

## आईबी कालेज ने भारत के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत को दी श्रद्धांजलि



**आईबी कालेज में भारत के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत को दी श्रद्धांजलि देते प्राचार्य व अन्य। (मोहन लाल)**

पानीपत (मोहन लाल) : आईबी महाविद्यालय में संस्कार शाला क्लब, एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सीडीएस जनरल बिपिन रावत एवं अन्य की आकस्मिक निधन पर प्राचार्य डा. अजय गर्ग एवं स्टाफ के सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अिर्पत करके श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने कहा कि भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत का तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हो गया। हादसे में उनकी पत्नी मधुलिका रावन व भारत के अन्य वीर सपूत को खो दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रो.अंजलि गुप्ता, प्रो. विनय भारती, प्रो. मानित कौर, प्रो. सुखिजंदर सिंह, प्रो. सोनिया, मुनीष गुप्ता ,लिपिक ममता नारंग एवं तकनीशियन अमति कुमार एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

**ANNEXURE 06 SR NO 14**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

दैनिक सवेरा टाइम्स

## न्यूज गैलरी

# आईबी महाविद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया

**पानीपत (विनोद पांचाल) :** आईबी महाविद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। पर्यावरण विभाग द्वारा कालेज के विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा संरक्षण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ऊर्जा के संरक्षण के उपाय तथा ऊर्जा का कम से कम इस्तेमाल कैसे कर सकते है ये समझाया। डा. अजय गर्ग ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण ये आज के समय की मांग है तथा सभी के सहयोग से ही ऊर्जा का संरक्षण किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर दास, डा. निधान सिंह, प्रो. किरण मदान, प्रो. पूनम मदान, प्रो. पवन कुमार, डा. निधि, प्रो. अश्वनी गुप्ता व प्रो. सोनिया वर्मा उपस्थित रहे।



आईबी महाविद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए। (मोहन लाल)

# ऊर्जा संरक्षण पर अंजलि का पोस्टर प्रथम



**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में पर्यावरण विभाग की ओर से हुई आयोजित हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अंजलि अव्वल रहीं। शिवानी द्वितीय और राहुल जोशी तृतीय रहे। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि ऊर्जा का संरक्षण बेहद जरूरी है। सभी के सहयोग से ही ऊर्जा का संरक्षण किया जा सकता है। आयोजक प्रो. अंजलि गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 25 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो रंजना शर्मा, एवं प्रो ईरा गर्ग ने निभाई। इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर दास, डॉ. निधान सिंह, प्रो. किरण मदान, प्रो. पूनम मदान, प्रो. पवन कुमार, डॉ. निधि, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. सोनिया वर्मा उपस्थित रहीं। संवाद

**ANNEXURE 06 SR NO 15**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )




आईबी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य। संवाद

## आईबी कॉलेज में भी मनाया गया विजय दिवस

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी और संस्कारशाला क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि विजय दिवस भारत में हर साल 16 दिसंबर को मनाया जाता है। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान को हराया था। इसी के बाद बांग्लादेश बना। युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को पुष्पअर्पित कर महाविद्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। एनएसएस के ऑफिसर डॉ. जोगेश ने बताया कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था। संस्कारशाला के संयोजक प्रोफेसर अश्वनी गुप्ता ने कहा कि 16 दिसंबर का दिन सैनिकों की वीरता को सलाम करने का दिन है। इस अवसर पर डॉ. शशि प्रभा, डॉ. जोगेश, लेफ्टिनेंट राजेश, प्रो. अश्विनी गुप्ता, प्रो. निशा एवं प्रो. रीतू मौजूद रहे। संवाद

## आई.बी महाविद्यालय में मनाया विजय दिवस

**पानीपत (सच कहूँ न्यूज)।** आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी और संस्कारशाला क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग कहा कि विजय दिवस भारत में हर साल 16 दिसंबर 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर देश की जीत को लेकर मनाया जाता है और इस युद्ध में भारत की जीत के बाद बांग्लादेश बना था। इसलिए हमारे महाविद्यालय में युद्ध के दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संस्कारशाला के संयोजक प्रोफेसर अश्वनी गुप्ता ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 के ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासी के मन को जोश से भर देती है 16 दिसंबर का दिन सैनिकों की वीरता को सलाम करने का दिन है।



सच कहूँ Fri, 17 December 2021
epaper.sachkahoon.com/c/65008934

**ANNEXURE 06 SR NO 16**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# आईबी महाविद्यालय में हवन यज्ञ में आहुति डालकर नववर्ष की शुरुआत

पानीपत, 1 जनवरी (मोहन लाल) : नववर्ष पर आईबी कालेज में हवन यज्ञ किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रोफेसर सोनिया वर्मा ने विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ किया। प्राचार्य डा. अजय गर्ग, उप-प्राचार्या डा. मधु शर्मा, प्रो. पीके नरूला एवं स्टाफ सदस्यों व छात्र-छात्राओं ने आहुति डाली। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के साथ ही कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए अपना व महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपप्राचार्या प्रो. रंजना शर्मा, डा. मो. ईशाक, डा. शशि प्रभा, डा. किरण मदान, डा. पूनम मदान, प्रो. नीलम दहिया, डा. सुनीत शर्मा, डा. निधान सिंह, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. सुखजिंदर सिंह, प्रो. मुनीष गुप्ता उपस्थित रहे।



आईबी महाविद्यालय में हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए प्राचार्य डा. अजय गर्ग व अन्य। (मोहन लाल)

**ANNEXURE 06 SR NO 17**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# पौधरोपण कर किया 33वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ : प्रिंसिपल




आईबी पीजी कॉलेज में 33वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया।

भास्कर न्यूज़ | पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में मंगलवार को 33वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ पौधरोपण करके किया। उद्‌घाटन प्रिंसिपल डॉ. अजय कुमार गर्ग, डॉ. सुनीत शर्मा, डॉ. निधान सिंह, प्रो. अजय पाल सिंह ने किया। प्रिंसिपल ने कहा कि इसके तहत सप्ताह में अलग-अलग गतिविधियां जैसे सड़क सुरक्षा, नुक्कड़ नाटक, हेलमेट रैली आदि आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सप्ताह अभियान को आयोजित करने का लक्ष्य सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करना और सुरक्षित सड़क यात्रा पर जोर देना है। उन्होंने कहा कि इस मौके पर लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर एनएसएस के ऑफिसर डॉ. जोगेश ने कहा कि दुनिया भर में हर साल यातायात दुर्घटनाओं में सवा लाख लोगों की मौत हो रही है। भारत में भी यह गंभीर मामला बन गया है। इस अवसर पर डॉ. सुनीता, प्रो विनय भारती, डॉ. रंजू, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. वनिता, प्रो साक्षी, प्रो. आकांक्षा, प्रो. वंदना रूहल, प्रो. सोनल डोगरा आदि मौजूद रहीं।

**ANNEXURE 06 SR NO 18**

# भारत के नैतिक मूल्यों को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाया: प्राचार्य



पानीपत | आईबी पीजी कॉलेज में विवेकानंद प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर बुधवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का नाम आते ही मन में श्रद्धा और स्फूर्ति का संचार हो जाता है। उन्होंने भारत के नैतिक जीवन मूल्यों को दुनिया के कोने-कोने में पहुंचाया है। डॉ. सुनीता ढांडा ने कहा कि उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

**ANNEXURE 06 SR NO 19**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

02 आज समाज
पानीपत, शनिवार, 15 जनवरी 2022

# खबर एक्सप्रेस

## सूर्य नमस्कार का ऑनलाइन आयोजन करवाया




**पानीपत।** शुक्रवार को स्थानीय आईबी महाविद्यालय की एन.एस.एस, एन.सी.सी और शारीरिक विभाग ने भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय नई दिल्ली के पत्र के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन ऑनलाइन करवाया गया। इस योगा में 80 स्वयंसेवकों और कैडेट्स ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने सूर्य नमस्कार के फायदे बताते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार में 12 आसन होते हैं। इसको नियमित करने से शरीर में शक्ति और ऊर्जा की वृद्धि होती हैं तथा मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इस अवसर पर एन.एस.एस कार्यक्रम के अधिकारी डॉ जोगेश ने बताया कि इसको करने से पाचन शक्ति भी मजबूत होती है और आपका स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है। इस अवसर पर एन.सी.सी अधिकारी लेफ्टिनेंट राजेश ने बताया कि इससे शरीर में लचीलापन आता है। सूर्य नमस्कार अपने आप में एक पूर्ण व्यायाम हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर नीतू भाटिया, प्रोफेसर रितु भारद्वाज, प्रोफेसर सुमन, प्रोफेशन मंजिली, प्रोफेसर साक्षी और प्रोफेसर पूजा ने भी इसमें योगदान को किया।

**ANNEXURE 06 SR NO 20**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को किया नमन



*कार्यक्रम के दौरान भाग लेते क्लब सदस्य एवं एन.एस.एस. व एन.सी.सी. विद्यार्थी।* (पंकेस)

पानीपत, 23 जनवरी (खर्ब) : आई.बी. महाविद्यालय में रविवार को संस्कारशाला क्लब, एन.सी.सी. और एन.एस.एस. इकाई के सयुंक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती को कोरोना नियमों का पालन करते हुए ऑनलाइन माध्यम से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग, स्टाफ मैंबर्स एवं विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को ऑनलाइन माध्यम से नमन किया। डा. अजय गर्ग ने विद्यार्थियों और स्टाफ मैंबर्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और जय हिंद का नारा देने वाले सुभाष चंद्र बोस को उनके जन्मदिन पर याद किया जाता है, साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि भी दी जाती है। आज का यह दिवस समस्त भारतवर्ष में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके उपरान्त संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि यह हमारा कर्त्तव्य है कि हम अपनी स्वतंत्रता का भुगतान अपने रक्त से करें, आपके बलिदान और परिश्रम के माध्यम से हम जो स्वतंत्रता जीतेंगे, हम अपनी शक्ति के साथ संरक्षित करने में सक्षम होंगे। वहीं एन.सी.सी. प्रभारी लैफ्टिनैंट राजेश कुमार ने बताया कि नेताजी ने आजाद हिन्द फौज की स्थापना की और अंग्रेजों से लोहा लिया, देश को आप पर सदैव गर्व है और आपका कृतज्ञ रहेगा। एन.एस.एस. प्रभारी डा. जोगेश ने बताया कि उनका सम्पूर्ण जीवन युवाओं के लिए आदर्श एवं प्रेरणादायी है और हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके बाद प्रो. सोनिया वर्मा ने उनके जीवन पर प्रेरणादायी कविता पेश की। प्रो. अंजलि गुप्ता, प्रो. विनय भारती, प्रो. निशा गुप्ता, प्रो. मानित कौर, प्रो. सुखजिंद्र सिंह, प्रो. साक्षी, प्रो. आकांक्षा, प्रो. वंदना, प्रो. रुचि भारद्वाज, प्रो. सुमन मालिक ने भी अपने-अपने विचार सांझा किए। इस मौके पर संस्कारशाला क्लब, एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के 75 से ज्यादा विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

**ANNEXURE 06 SR NO 22**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस



*आई.बी. महाविद्यालय में तिरंगा फहराते गवर्निंग बॉडी पदाधिकारी एवं प्राचार्य।* (पंकेस)

आई.बी. महाविद्यालय में 73वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गवर्निंग बॉडी कालेज के महासचिव लक्ष्मी नारायण मिगलानी, रवि गोसाई मैम्बर तथा प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कालेज प्रांगण में ध्वजारोहण किया। एन.सी.सी. के कैडेट्स व एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने परेड की और झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि भारत को 15 अगस्त, 1947 को अंग्रेजों से आजादी मिल गई थी लेकिन 26 जनवरी 1950 को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ। एन.सी.सी. प्रभारी लैफ्टिनैंट राजेश कुमार ने बताया कि 26 जनवरी एक ऐसा दिन है जिसे राष्ट्रीय पर्व के रूप में माना जाता है और सभी धर्म के लोग इसे मिलजुल कर मनाते हैं। महाविद्यालय की एन.सी.सी. विंग, एन.एस.एस. विंग और संस्कारशाला क्लब ने संयुक्त रूप से इस आयोजन में अपना महत्वपूर्ण सहयोग किया। इस मौके पर उप-प्राचार्या डा. मधु शर्मा, प्रो. पी.के. नरूला, डा. रामेश्वरदास, डा. विनय वधवा, डा. किरण मदान, डा. सुनित शर्मा, प्रो. अजयपाल सिंह, डा. जोगेश, डा. शर्मिला, डा. प्रवीन कुमार, प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. सुरेन्द्र देशवाल, प्रो. मनीष, प्रो. विनय भारती, लिपिक प्रेम बजाज आदि मौजूद रहे।

**ANNEXURE 06 SR NO 23**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

02 आज समाज
पानीपत, शनिवार, 29 जनवरी 2022

## शहीद लाला लाजपत राय की जयंती मनाई

**पानीपत।** महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद लाला लाजपत राय की जयंती जी टी रोड़ स्थित आईबी कालेज भावांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक महेश नारंग व व्यावसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरेश गुप्ता ने की। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने लाला लाजपत राय को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। लाला लाजपत राय को याद करते हुए मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अर्चना ने कहा कि शहीद लाला लाजपत राय में देश भक्ति की भावना कूट कूट कर भरी थी। इन्होंने ने ही कई स्कूलों व कॉलेजों की स्थापना की थी, जिसमें से डीएवी स्कूल भी एक है। पंजाब नेशनल बैंक भी लाला लाजपत राय की देन है। भारतभूमि हमेशा से ही वीरों की जननी रही है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में ऐसे कई वीर हुए जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपनी जान की भी परवाह नहीं की। ऐसे ही एक वीर थे शेर-ए-पंजाब लाला लाजपत राय, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वह महान सेनानी थे। जिन्होंने देश सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और अपने जीवन का एक-एक कतरा देश के नाम कर दिया। लाला लाजपत राय ने अखण्ड भारत का सपना देखा था तथा देश को पूर्ण रूप से आजाद करवाने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। डॉ अर्चना ने कहा कि 1897 और 1899 में




उन्होंने देश में आए अकाल में पीड़ितों की तन, मन और धन से सेवा की। देश में आए भूकंप, अकाल के समय ब्रिटिश शासन ने कुछ नहीं किया। लाला जी ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर अनेक स्थानों पर अकाल में शिविर लगाकर लोगों की सेवा की। साइमन कमीशन का विरोध करते हुए उन्होंने साइमन कमीशन वापस जाओ, अंग्रेजों वापस जाओ का नारा दिया तथा कमीशन का डटकर विरोध जताया। इसके जवाब में अंग्रेजों ने उन पर लाठी चार्ज किया। अपने ऊपर हुए प्रहार के बाद उन्होंने कहा कि उनके शरीर पर लगी एक-एक लाठी अंग्रेजी साम्राज्य के लिए उनके कफन कील साबित होगी। लाला लाजपत राय ने अंग्रेजी साम्राज्य का मुकाबला करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी ऐसे महान क्रान्तिकारी शहीद लाला लाजपत राय की कुबार्नी को देश कभी भुला नहीं पाएगा।

**ANNEXURE 06 SR NO 24**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# गांधी जी की पुण्यतिथि पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



विजेता छात्र।

पानीपत (मोहन लाल) : आईबी स्नातकोत्तार महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा गांधी जी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था गांधी जी और उनका जीवन उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 250 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। प्रतियोगिता में प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं में ज्ञान का संचार बढ़ता है तथा उनका मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करके उनके मंगल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में डा. रंजू, प्रो. नीतू व प्रो. राधिका की भूमिका सराहनीय रही। प्रतियोगिता में लविश्का पाईट कालेज प्रथम, हिमांशी आईबी कालेज द्वितीय व क्षीतिज दिल्ली जीआईटी कालेज तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को कैश रिवार्ड दिया गया।

**ANNEXURE 06 SR NO 25**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# बी महाविद्यालय में सेफर इंटरनेट डे मनाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**बी महाविद्यालय** में सेफर इन्टरनेट डे मनाया गया। जिसकी शुरूआत प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने अपने कार्यालय में से ही ऑनलाइन विद्यार्थियों को संबोधित करके किया और कहा की सेफर इंटरनेट डे की शुरूआत डिजिटल दुनिया के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए हुई। इसकी शुरूआत 2005 में हुई थी। इस साल सेफर इंटरनेट डे का थीम है। इंटरनेट का दायरा जितना तेजी से बढ़ रहा है, उतनी ही तेजी से ऑनलाइन फ्रॉड भी बढ़ रहे हैं। सुरक्षित इंटरनेट दिवस साल 2005 से मनाया जा रहा है। डिजिटल भुगतान में तेजी आई है, विशेष रूप से चल रहे महामारी के समय में जहां इसने जबरदस्त विकास देखा है क्योंकि देश भर में लोगों ने विभिन्न ऑनलाइन भुगतान विधियों



को अपनाया है। पिछले 18-24 महीनों में डिजिटल भुगतान के बढ़ने से साइबर धोखाधड़ी की संख्या में भी वृद्धि हुई है। डॉ अजय गर्ग ने आगे बताया की यह दिन दुनिया भर में बच्चों और युवाओं द्वारा सुरक्षित और ऑनलाइन प्रौद्योगिकी के अधिक जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। कि स्मार्टफोन के उदय ने अधिकांश लोगों को इंटरनेट का उपयोग करना सिखा दिया है। और आज इंटरनेट सबसे अधिक सूचनात्मक उपकरण है और हमारा जीवन मुख्य रूप से इस पर निर्भर करता है,लेकिन इसके दुष्परिणाम भी हैं जैसे कि : इंटरनेट के माध्यम से बहुत सारी गलत सूचनाएँ पहुँचती हैं और इससे कई अप्रिय घटनाएं होती हैं। साइबर बुलिंग, पासवर्ड ट्रैफिकिंग, डाटा चोरी कुछ सामान्य अपराध हैं जो नियमित रूप से इंटरनेट पर होते हैं। कंप्यूटर विभाग से प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया के इन्टरनेट उपयोग में लाते समय सावधानी बरतनी चाहिए जैसे की अपने पासवर्ड और ओटीपी किसी के साथ शेयर ना करें , पासवर्ड नियमित अंतराल पर बदलते रहे, सोशल मीडिया साइट्स पर प्रोफाइल में प्राइवेसी के साथ फ्रेंड लिस्ट छिपाकर रखें। इसके साथ ही टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करें। इससे प्रोफाइल डबल प्रोटेक्टेड हो जाती है। उसमें ओटीपी आने के कारण हैकिंग के आसार कम हो जाते हैं। इसके अलावा अनजान लोगों से दोस्ती नहीं करनी चाहिए। विज्ञापनों पर भी क्लिक करते समय भी सावधान रहना चाहिए। अनजान लोगों से विडियो कॉल नहीं करनी चाहिए। प्रो. गुप्ता ने आगे बताया की आज दुनिया में कुछ भी फ्री नहीं मिल रहा है, ऐसे में लोग भ्रामक विज्ञापनों से बचें और अननोन सोर्स से कोई एप्लीकेशन, मेल या मैसेज को एक्सेस न करें, पासवर्ड को सुरक्षित रखें, अपने कंप्यूटर को अपने ऑपरेटिंग सिस्टम, ब्राउजर और ईमेल क्लाइंट के लिए लेटेस्ट सुरक्षा अपडेट करें, एंटी-वायरस, एंटी स्पाइवेयर और पर्सनल फायरवॉल का इस्तेमाल करें। विभागाध्यक्ष डॉ विक्रम कुमार ने बताया की हमेशा पब्लिक वाई फाई के इस्तेमाल से बचना चाहिए। मेट्रो, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड समेत कई जगहों पर आजकल फ्री वाईफाई की सुविधा मिलने लगी है। ऐसे में अक्सर लोग अपना इंटरनेट बचाने के चक्कर में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी पब्लिक वाईफाई के जरिए ही करना चाहते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए।

**ANNEXURE 06 SR NO 26**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

बुधवार WEDNESDAY , 9 मार्च 2022

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## आई.बी. कालेज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**स्थानीय** आई.बी. पी.जी. महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला प्राध्यापिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राध्यापिका मनीत कौर एवं सोनल ने नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्राध्यापिका रितिका जताना एवं आकांक्षा ने गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में सरसता का संचार किया। एक से एक रंगारंग प्रस्तुति ने सबके मन को मोह लिया। मंच का संचालन प्राध्यापिका आकांक्षा एवं रितिका जताना ने किया। कालेज प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि भारतीय इतिहास का महिला दिवस से गहरा संबंध है। इस दिन दुनियाभर में महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाने, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने और लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग व अन्य। (पंकेस)

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डा. किरण मदन ने कहा कि माता के रूप में नारी धरती पर सबसे पवित्रता रूप में है। मां को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है क्योंकि मां ईश्वर की भी जननी है किंतु बदलते समय में संतानों ने धन-लिप्सा व अपने स्वार्थ के कारण मां को सम्मान देना कम कर दिया है, इसलिए नई पीढ़ी को आत्मावलोकन कर मां को सम्मान देना चाहिए। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डा. पूनम मदान ने कहा कि बच्चों में संस्कार भरने का काम मां के रूप में नारी द्वारा ही किया जाता है। इस मौके पर डा. सीमा, डा. सुनीता ढांडा, डा. निधि, प्रो. करुणा सचदेवा, प्रो. सुखजिंद्र, प्रो. राहुल कुमार मौजूद रहे।

**ANNEXURE 06 SR NO 27**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# कल्पना चावला ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मिसाल पेश की: डा. अजय

## कल्पना चावला के जन्म दिवस पर कालेज में करवाया कार्यक्रम

पानीपत, 20 मार्च (खर्ब): आई.बी. महाविद्यालय में रविवार को संस्कारशाला क्लब की ओर से अंतरिक्ष परी कल्पना चावला की 60वीं जयंती को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डा. अजय गर्ग एवं स्टाफ मैंबर्स ने कल्पना चावला की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया और कहा कि आज हम ऐसी शख्सियत को याद करने जा रहे हैं जिसने भारतीयता का परचम पूरी दुनिया में लहराया था और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मिसाल पेश की। हम उस शख्शियत को सबसे पहले उनकी जयंती पर सादर नमन करना चाहेंगे।



*कालेज प्रिंसीपल डा. अजय गर्ग व अन्य स्टाफ मैंबर्स कल्पना चावला की जयंती पर पुष्प अर्पित करते हुए। (पंकेस)*

डा. अजय गर्ग ने विद्यार्थियों और स्टाफ मैंबर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि कल्पना चावला भारतीय मूल की पहली महिला थीं जिन्होंने अंतरिक्ष में पहली बार कदम रखा। कल्पना का जन्म 17 मार्च, 1962 को हरियाणा के करनाल में हुआ था। पंजाब इंजीनियरिंग कालेज चंडीगढ़ से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बैचलर करने के बाद वह 1982 में यूनाइटेड स्टेट्स चली गईं। वहां से उन्होंने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर की डिग्री ली जबकि उन्होंने अपनी पीएच.डी. 1988 में पूरी की।

कल्पना चावला को 19 नवम्बर, 1997 में पहली बार स्पेस में जाने का मौका मिला। चावला ऐसा करने वाली पहली महिला और राकेश शर्मा के बाद दूसरी भारतीय थीं। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मनित कौर का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर प्रो. पी.के. नरूला, प्रो. विनय भारती, डा. रंजू, प्रो. दीप्ति जुनेजा, प्रो. नीतू, प्रो. मनीत कौर, प्रो. सुखजिंद्र, प्रो. मुनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

**ANNEXURE 06 SR NO 28**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )




# आईबी कालेज में मनाया शहीदी दिवस

(हरित शक्ति संवाददाता)

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब,, लीगल लिटरेसी सेल व वीमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में शहीदी दिवस पर स.भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को श्रद्धांजली दी गई। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ग को सरदार भगत सिंह के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए कि किस तरह से उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया द्य उन्होंने आगे बताया की मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर करोडो देशवासियों के ह्रदय में आजादी की अलख जगाने वाले महान क्रांतिकारी शहीद आजम भगत सिंह जी की शहादत पर उन्हें कोटि.कोटि नमन किया। कार्यक्रम में प्रो. पीके् नरूला, प्रो रंजना शर्मा ,डा. मोहम्मद ईसाक, डा.रामेश्वर दास , डा. किरण मदान, डा. पूनम मदान डा.् सुनीत शर्मा, डा. निधान सिंह, डा. अर्पणा गर्ग , डा. विक्रम कुमार, प्रो. पवनए डा. निधि, प्रो माधवी, विरमानी, प्रो. सुखजिंदर,, प्रो. मनीष, प्र.. राहुल उपस्थित रहे।

## शिक्षक हरिओम ने देश के

**ANNEXURE 06 SR NO 29**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

# हम अपने लक्ष्योन्मुख से कार्य करेंगे तो हमें सफल होने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है

**पानीपत कमाल हुसैन आई. बी. स्नातकोत्तर** महाविद्यालय के प्रांगण में संस्कारशाला क्लब, लीगल लिटरेसी सेल और वीमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में शहीदी दिवस के अवसर पर सरदार भगत सिंह जी, सुखदेव और राजगुरु को समस्त स्टाफ के द्वारा श्रद्धांजली दी गई` प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा वर्ग को सरदार भगत सिंह के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए कि किस तरह से उन्होंने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया` उन्होंने आगे बताया की



मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर करोड़ो देशवासियों के हृदय में आजादी की अलख जगाने वाले महान क्रांतिकारी शहीद आजम भगत सिंह जी की शहादत पर उन्हें कोटि-कोटि नमन` इसके उपरांत डॉ रामेश्वर दास , विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग ने अपने वक्तव्य में कहा की भगत सिंह को और उनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव को 23 मार्च, 1931 को एक साथ फांसी पर लटका दिया गया । भगत सिंह जीवन के लक्ष्य को महत्व देते थे। उनका मानना था कि हमें अपने जीवन का लक्ष्य पता होना चाहिए। अगर हमें अपने लक्ष्य का पता होगा। और हम अपने लक्ष्योन्मुख से कार्य करेंगे तो हमें सफल होने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है।वतन के लिए त्याग और बलिदान उनके लिए सर्वोपरि रहा। वे कहते थे कि एक सच्चा बलिदानी वही है जो जरुरत पड़ने पर सब कुछ त्याग दे।

**ANNEXURE 06 SR NO 30**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

**न्यूज डायरी**

## गीत व भजन गायन में तान्या रहीं अव्वल

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगीत गायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप गीत व भजन प्रतियोगिता हुई। इसमें गायन विभाग की तान्या अव्वल रहीं। सागर ने द्वितीय व मोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रो. धर्म सिंह और प्रो. रामदिया ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। उपप्राचार्या डॉ. मधु शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व उत्साह बढ़ता है। संवाद

**ANNEXURE 06 SR NO 30**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

## न्यूज डायरी



आईबी महाविद्यालय में हुए हवन में शामिल स्कूल स्टाफ। संवाद

# नवरात्र और हिंदू नववर्ष पर किया हवन

**पानीपत।** आईबी महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब की ओर से मासिक परंपरा के तहत नवरात्र और हिंदू नववर्ष के शुभारंभ पर हवन का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की प्रो. सोनिया वर्मा ने पूरी विधि विधान के साथ इस हवन का शुभारंभ मंत्रोच्चारण के साथ किया। प्राचार्य डॉ.. अजय गर्ग ने बताया कि इस नववर्ष को देशभर में विक्रम संवत, नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा, उगाड़ी आदि नामों से भी मनाया जाता है। संस्कारशाला के संयोजक अश्वनी गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन की हमेशा से यही कोशिश रही है कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जाए। यज्ञ में यजमान वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निधान सिंह रहे। संवाद

**ANNEXURE 06 SR NO 31**

# आईबी महाविद्यालय में मनाया वर्ल्ड पासवर्ड-डे



डा. अजय गर्ग।

पानीपत, (मोहन लाल) : आईबी महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग के तत्वावधान में वर्ल्ड पासवर्ड डे सेलिब्रेट किया गया। प्राचार्य डा. अजय कुमार गर्ग ने वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पासवर्ड बनाना हमारे लिए बहुत जरूरी है और यह किसी भी वर्चुअल चीज की सुरक्षा के लिए तैयार किया जाता है ताकि सिर्फ सही पासवर्ड दर्ज करने पर ही वह जानकारी नजर आए। एक अच्छे मजबूत पासवर्ड और वीक पासवर्ड के बीच में अंतर यह है कि वीक पासवर्ड से आपके अकाउंट पर जालसाजों की पकड़ आसानी से बन सकती है। आज के समय में जीवन में बहुत से काम ऑनलाइन हो गए हैं तो ऐसे में इन चीजों के लिए मजबूत पासवर्ड तैयार करना काफी जरूरी हो गया है। जिसका दूसरा कोई भी व्यक्ति अनुमान तक न लगा पाएं। कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्रोफेसर अश्वनी गुप्ता ने बताया कि अपने पासवर्ड को सुरिक्षत रखने के लिए आपको इन बातों को ध्यान में रखना चाहिए अपने पासवर्ड को आपको किसी के साथ भी साझा नहीं करना चाहिए, जिसमें भरोसेमंद परिवार के सदस्य और मित्र भी शामिल हैं।

**ANNEXURE 06 SR NO 32**

आई. बी. महाविद्यालय द्वारा मनाये गए महत्वपूर्ण दिवस (सत्र 2021-22 )

02 आज समाज
पानीपत, बुधवार, 11 मई 2022

# आईबी पीजी कॉलेज में मदर्स डे के उपलक्ष्य में कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**आज समाज नेटवर्क**

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में मदर्स डे के उपलक्ष्य में संस्कारशाला क्लब एवं एनएसएस एवं एनसीसी इकाई के द्वारा ऑनलाइन कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय रहा "अपनी माँ के साथ कुछ यादगार पल"।

जिसका मुख्य उद्देश्य मातृ दिवस के माध्यम से विद्यार्थियों के भावनात्मक पक्ष को समझना और आज का युवा क्या माँ बाप के त्याग और समर्पण की कद्र करता है यह देखना था। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी रचनाओं से इस दिन को और खास बना दिया।

प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और कहा कि हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी घर पर रहकर अपनी मां के साथ इस दिन को यादगार बनाने के लिए मां से उनके बचपन की बातें पूछ सकते हैं। उनसे जान सकते हैं कि उनका बचपन कैसा बीता, उनके बारे में और बेहतर आप इस दिन जान सकते हैं। जब आप अपनी मां के साथ पुरानी यादों को याद करेंगे, तो इससे उन्हें अच्छा लगेगा।

श्रेष्ठ रचनाएं इस प्रकार रही

1. आँचल शर्मा, बीसीए प्रथम वर्ष
2. कशिश, बीसीए प्रथम वर्ष
3. श्रुति, बीए द्वितीय वर्ष

डॉ अजय गर्ग ने संस्कारशाला क्लब, एनसीसी और एनएसएस इकाई को इस आयोजन के लिए बधाई दी।

डॉ गुरनाम सिंह, हिंदी विभाग एवं प्रो रेखा शर्मा, अंग्रजी विभाग ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वाह किया। संस्कारशाला क्लब, एनसीसी और एनएसएस इकाई के विद्यार्थियों ने अपनी मां के साथ सेल्फी भी शेयर की, जिसको मिला कर क्लब के विद्यार्थी कशिश, बीसीए द्वितीय ने कोलाज तैयार किया और उसको कॉलेज की वेबसाइट पर डाला गया।

क्लब के संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने बताया की विजेताओं की रचनाओं को कॉलेज की वार्षिक मैगजीन ह्इन्द्रगुंजनह्व में प्रकाशित किया जायेगा और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सब का धन्यवाद किया। एन.एस.एस प्रभारी डॉ. जोगेश ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को इ-सर्टिफिकेट उनकी मेल पर भेज दिए जाएंगे। एनसीसी प्रभारी प्रो राजेश कुमार ने मदर्स डे को स्पेशल बनाने के लिए सब का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर संस्कारशाला क्लब, एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**ANNEXURE 06 SR NO 33**